No. of Printed Pages : 8

ई.एच.डी.-7

00127

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा
जून, 2013

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-7 : हिन्दी संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***खण्ड 'क' में से किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* ***खण्ड 'ख' अनिवार्य*** *है।*

खण्ड - क

4x15=60

1. हिंदी की वर्णमाला में ध्वनि तथा वर्ण के सामंजस्य का निर्वाह कहाँ तक और किस प्रकार हुआ है, सोदाहरण समझाएँ।

2. संयुक्त शब्दों की संकल्पना को समझाइए और इनके प्रमुख अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए।

3. हिंदी के क्रिया विशेषण पदबंध की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. पदबंध की रचना का परिचय देते हुए अंत:केंद्रित और बहिर्केंद्रित रचना का विवेचन कीजिए।

5. हिंदी वाक्यों में 'ने' परसर्ग का प्रयोग किन स्थितियों में होता है, उदाहरण सहित समझाएँ।

6. अर्थ के आधार पर शब्दों को किन वर्गों में बाँटा जाता है ? उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।

7. भाषा को 'सामाजिक वस्तु' क्यों कहा जाता है? तर्क सहित विश्लेषण कीजिए।

8. देवनागरी लिपि के प्रमुख गुण - दोषों का विवेचन कीजिए।

खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए **किन्हीं चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4x5=20

   (a) 'ऐ' तथा 'औ' के संस्वन

   (b) हिंदी में आक्षरिक संरचना

   (c) संरूप

   (d) संकर शब्द

   (e) पदबंध तथा उपवाक्य का अंतर

   (f) स्थिर संलाप

   (g) भाषा तथा लिपि का संबंध

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्यपूर्ति कीजिए : 5x2=10

    (a) 'करवाना' 'करना' क्रिया का __________ रूप है।
    (प्रेरणार्थक/कर्मवाच्य/सातत्य बोधक)

    (b) ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, हिंदी के __________ व्यंजन कहे जाते हैं।
    (ऊष्म/नासिक्य/महाप्राण)

    (c) हिंदी में कुछ नई आगत ध्वनियों के लिए नए __________ भी विकसित किए गए हैं।
    (स्वन/व्यंजन/वर्ण)

    (d) 'रूप' भाषा के __________ सार्थक खंड हैं।
    (दीर्घतम/लघुतम/स्वतंत्र)

    (e) 'य' और 'व' हिंदी के __________ हैं।
    (स्वर/व्यंजन/अर्धस्वर)

11. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए : 5x2=10

(a) मेले का आयोजन कृषि मंत्रालय ने किया है।

(कर्मवाच्य में बदलिए)

(b) मेरे को दिल्ली जाना है।

(वाक्य को शुद्ध करके लिखिए)

(c) राम के आने के बाद मैं जाऊँगा।

(समुच्चय बोधक अव्यय जोड़कर मिश्र वाक्य में बदलिए)

(d) बात बिगड़ जाने पर पश्चाताप से कुछ हाथ नहीं आता।

(इसी बात को लोकोक्ति के माध्यम से कहिए)

(e) राम के साथ युद्ध में रावण पराजित हुआ।

(रेखांकित विशेषण के स्थान पर संज्ञापद का प्रयोग कीजिए)